University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

# University in News on 17 December 2021

**i-NEXT PAGE II**

## अब 20 तक भर सकेंगे सेमेस्टर एग्जाम फार्म

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (16 Dec):** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने तीसरी बार ग्रेजुएशन के ऑड सेमेस्टर और पीजी सेमेस्टर (लॉ और आईएमएस को छोड़कर) के एग्जाम फार्म भरने की डेट को 20 दिसंबर तक बढ़ा दी है. स्टूडेंट्स www.exam.luonline.in एवं www.lkouniv.ac.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं. ऑनलाइन एग्जाम फार्म भरकर सेमेस्टर की फीस रसीद के साथ विभागाध्यक्ष या संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करनी होगी.

**काफी संख्या में स्टूडेंट नहीं भर सके थे एग्जाम फार्म**

### अंक अपलोड करने का मौका

यूनिवर्सिटी ने एग्जाम फार्म भरने की डेट बढ़ाए जाने के साथ-साथ आंतरिक अंक अपलोड करने के लिए भी 20 दिसंबर तक का मौका दिया है. एग्जाम कंट्रोलर प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि अभी काफी संख्या में आंतरिक, प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाए हैं. जिसकी वजह से हार्डकापी परीक्षाफल प्रकोष्ठ को दी जा रही है. इसलिए विधि और आईएमएस को छोड़कर शेष यूजी, पीजी और पाठ्यक्रमों के विषय सेमेस्टर दिसंबर 2021 की परीक्षाओं के आंतरिक, प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षाओं के अंक आनलाइन पोर्टल पर 20 दिसंबर तक अपलोड करने का मौका दिया गया है.

## छात्रवृत्ति के लिए देना होगा शपथ पत्र

**LUCKNOW (16 Dec):** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार प्रतिभाशाली पीएचडी छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी. इसके लिए 144 आवेदन आ चुके हैं. अब इन शोधार्थियों से 22 दिसंबर तक शपथ पत्र देने के लिए कहा गया है. अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.पूनम टंडन ने बताया कि यह छात्रवृत्ति उन्हीं को दी जाएगी, जिन्हें अन्य कोई छात्रवृत्ति न मिल रही हो, इसलिए शोधार्थियों से कहा गया है कि वे विभागाध्यक्ष के माध्यम से अग्रसारित शपथ पत्र जमा कर दें.

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 7**

## लविवि : 20 तक भरे जाएंगे परीक्षा फॉर्म

माई सिटी रिपोर्टर



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को परीक्षा फॉर्म भरने का एक और मौका दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना के अनुसार यूजी-पीजी, डिप्लोमा कोर्सों की नियमित, बैक व छूटी परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म (प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर) भरने की तिथि 20 दिसंबर तक बढ़ा दी है।

उन्होंने बताया कि विवि के छात्रों को अलग से कोई शुल्क जमा नहीं करना है जबकि कॉलेजों के विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ कॉलेज में जमा करेंगे। वहीं, इंटरनल, प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा के इंटरनल ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराने की तिथि भी (लॉ व आईएमएस को छोड़कर) 20 जनवरी तक बढ़ा दी है। सभी हेड, निदेशक व कॉलेज प्राचार्य इसकी हार्ड कॉपी भी 22 जनवरी तक परीक्षाफल प्रकोष्ठ को उपलब्ध कराएंगे। नंबर ऑनलाइन अपलोड न किए जाने पर विश्वविद्यालय इसे स्वीकार नहीं करेगा।

**NBT PAGE 8**

## यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा के लिए अब 20 तक आवेदन

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी और सहयुक्त महाविद्यालय के स्नातक में तीसरे और पांचवें सेमेस्टर, पीजी और पीजी के प्रबंधकीय व डिप्लोमा, लॉ (3 साल) के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों के नियमित, बैक पेपर और एग्जेंप्टेड की सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख बढ़ाकर 20 दिसंबर कर दी गई है। इससे पहले 13 दिसंबर आखिरी तारीख थी।



एलयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना के मुताबिक परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म www.exam.luonline.in और www.lkouniv.c.in पर मुहैया है। एलयू के नियमित विद्यार्थियों को अलग से कोई शुल्क नहीं जमा करना है। सिर्फ ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष और संकायाध्यक्ष कार्यालय से अग्रसारित कराते हुए एलयू के परीक्षा विभाग में जमा करना है।

**JAGARAN CITY PAGE I**

## लवि की बीबीए की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की बीबीए, बीबीए आइबी, बीबीए (एमएस) और एमबीए पांच वर्षीय तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गईं। इसके लिए छह केंद्र बनाए गए हैं। नकल विहीन परीक्षा के लिए सुबह तीन और शाम की पाली में चार केंद्रों का सचल दल ने निरीक्षण किया। परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि पहली पाली में 141 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि दूसरी पाली में 4,133 ने परीक्षा दी। दोनों पालियों में 36 विद्यार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। (जासं)

## बीएड तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 23 को

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड तीसरे सेमेस्टर प्रैक्टिकल इन टीचिंग (2020-21) की परीक्षा 23 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए ड्रेस तय की गई है। छात्रों के लिए लाइट शर्ट, डार्क पैंट और छात्राओं को साड़ी पहनकर 10.45 बजे आना होगा। एजुकेशन विभाग की हेड प्रो. तृप्ता त्रिवेदी की ओर से वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर नोटिस जारी किया गया है। (जासं)

**AMRIT VICHAR PAGE 5**

## लखनऊ विवि पोर्टल पर अंक अपलोड करने के निर्देश

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अभी तक कई विभागों के आंतरिक, प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा के अंक पोर्टल पर अपलोड नहीं हो पाए हैं जिसके कारण इन अंकों की हार्डकॉपी परीक्षाफल प्रकोष्ठ को भेजनी पड़ रही है और इनके रखरखाव में भी दिक्कतें आ रही हैं। इसीलिए परीक्षा नियंत्रक ने विवि में सभी विभागाध्यक्षों और कॉलेजों के प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे 20 दिसम्बर तक सभी अंक पोर्टल पर उपलब्ध करा दें।

## परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और इससे सम्बद्ध कॉलेजों में लॉ और आईएमएस को छोड़कर अन्य पाठ्यक्रमों बीए, बीएससी, बीकॉम (तीसरा व पांचवा सेमेस्टर) और पीजी डिप्लोमा, बीकॉम ऑनर्स, बीसीए, एमसीए, बीएससी व एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय के विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने की तारीख बढ़ाकर 20 दिसम्बर कर दी गई है। ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म www.exam.luonline.in और www.lkouniv.ac.in पर भरे जाएंगे।